# झारखण्ड सरकार
## झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834023.

विज्ञापन संख्या : 41 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची / दिनांक : 05 / 09 / 2013

***आई0टी0आई0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2013 के परीक्षाफल के आधार पर खुला साक्षात्कार (Open Counselling) संबंधी सूचना***

श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1290, दिनांक 03.09.2013 के आलोक में जिलावार प्रथम साक्षात्कार की समाप्ति के उपरान्त, रिक्त व्यवसायों (*Trades*) पर राज्य संयुक्त मेधा सूची (State CML Rank) के अनुसार खुला साक्षात्कार कराने का निदेश दिया गया है।

**उक्त निदेश के आलोक में संस्थान/व्यवसाय चयन हेतु निम्न दो विकल्प होंगे :–**

*i)* **सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुशंसा** :– अभ्यर्थियों द्वारा चयनित जिला के अनुसार ही जिला स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुशंसा की जाएगी। अर्थात् चयनित जिला से भिन्न दूसरे किसी भी जिले के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुशंसा नहीं की जायेगी।

*ii)* **गैर–सरकारी एवं सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुशंसा** :– अभ्यर्थियों को चयनित जिला से भिन्न दूसरे किसी भी जिले के गैर–सरकारी एवं सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुशंसा की जाएगी। सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सिर्फ महिला अभ्यर्थियों की ही अनुशंसा की जाएगी।

**विज्ञापन सं0 41, दिनांक 20.07.2013 के आलोक में आयोजित प्रथम साक्षात्कार के नामांकन के पश्चात्** द्वितीय साक्षात्कार, राज्य संयुक्त मेधा सूची (***State CML Rank***) के अनुसार, निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा। **साक्षात्कार हेतु राज्य संयुक्त मेधा सूची (*State CML Rank*) परीक्षाफल में दर्ज है।** किसी कोटि/कोटा में जिस मेधाक्रम से सीटें भर जायेंगी, उस मेधाक्रम के बाद उस कोटि/कोटा के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा।

| *Sl. No.* | ***State CML Rank*** | | *Date & Reporting time for counselling* | ***State CML Rank*** | | *Date & Reporting time for counselling* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *From* | *To* | | *From* | *To* | |
| *1.* | *1* | *2,000* | *09.09.2013 / 09:00 AM* | *2,001* | *4,000* | *09.09.2013 / 02:00 PM* |
| *2.* | *4,001* | *7,000* | *10.09.2013 / 09:00 AM* | *7,001* | *10,000* | *10.09.2013 / 02:00 PM* |
| *3.* | *10,001* | *14,000* | *11.09.2013 / 09:00 AM* | *14,001* | *18,000* | *11.09.2013 / 02:00 PM* |
| *4.* | *18,001* | *23,000* | *12.09.2013 / 09:00 AM* | *23,001* | *28,000* | *12.09.2013 / 02:00 PM* |
| *5.* | *28,001* | *41,039* | *13.09.2013 / 09:00 AM* | | | |

14

| Sl. No. | SMQ Priority Code | Date & Reporting time for counselling |
|---|---|---|
| 1. | All candidate of Priority Code – 1 | 14.09.2013 / 02:00 PM |
| 2. | All candidate of Priority Code – 2 | 14.09.2013 / 02:00 PM |
| 3. | All candidate of Priority Code – 3 | 14.09.2013 / 02:00 PM |
| 4. | All candidate of Priority Code – 4 | 14.09.2013 / 02:00 PM |
| 5. | All candidate of Priority Code – 5 | 14.09.2013 / 02:00 PM |
| 6. | All candidate of Priority Code – 6 | 14.09.2013 / 02:00 PM |
| 7. | All candidate of Priority Code – 7 | 14.09.2013 / 02:00 PM |

साक्षात्कार हेतु विज्ञापन सं0 41, दिनांक 20.07.2013 में अंकित सभी वांछित प्रमाण–पत्र मूल (*Original*) रूप में एवं प्रत्येक की एक–एक छायाप्रति (*Xerox*), जो कि स्वअभिप्रमाणित (*Self-attested*) हों, साथ में लाना अनिवार्य है (सुलभ संकेत हेतु मार्गनिर्देशिका की कण्डिका 27 देखें)। ***जिन अभ्यर्थियों ने प्रथम साक्षात्कार के आधार पर आबंटित संस्थान में नामांकन ले लिया है, उन्हें संस्थान द्वारा निर्गत पहचान पत्र या नामांकन की रसीद साथ में लाना अनिवार्य होगा। आरक्षित कोटि के नामांकित अभ्यर्थियों द्वारा जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करने पर ही आरक्षण की सुविधा देय होगा।***

रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से तथा साक्षात्कार स्थल पर भी दी जाएगी। अतः सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार में भाग लेने के पूर्व सीटों की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी लेकर भाग लें।

2. **वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं करने पर किसी भी परिस्थिति में व्यवसाय/संस्थान का आबंटन नहीं किया जाएगा।**

3. **<u>साक्षात्कार शुल्क</u>** :– सामान्य/पिछड़ी जाति – *I*/पिछड़ी जाति – *II* कोटि के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने हेतु ₹ 200/– एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों को ₹ 150/– का साक्षात्कार शुल्क देना होगा, जो *Non-refundable* होगा।

साक्षात्कार शुल्क, बैंक चालान (*Challan*) या भारतीय डाक विभाग चालान (*Challan*) के माध्यम से जमा किया जा सकता है। बैंक चालान (*Challan*) या भारतीय डाक विभाग चालान (*Challan*) की प्रति पर्षद के वेबसाईट *<u>http://www.jceceboard.org</u>* पर *Counselling* कॉलम में उपलब्ध है।

**<u>नोट *I* :–</u>** साक्षात्कार के समय चालान (*Challan*) की पर्षद प्रति (*JCECEB Copy*) जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने नहीं दिया जाएगा।

**<u>नोट *II* :–</u>** वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रथम साक्षात्कार में भाग लिया हो, उन्हें भी द्वितीय साक्षात्कार में शामिल होने के लिए साक्षात्कार शुल्क देना अनिवार्य होगा। **प्रथम साक्षात्कार में बुलाये गये वैसे**

**अभ्यर्थी, जो साक्षात्कार में भाग नहीं लिये हो, उनका चालान या भारतीय पोस्टल आर्डर (*IPO*), द्वितीय साक्षात्कार में स्वीकार्य होगा।**

4. **साक्षात्कार स्थल (*Counselling Venue*):–** झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची (*Jharkhand Combined Entrance Competitive Examination Board, Science & Technology Campus, Sirkha Toli, Namkum-Tupudana Road, Namkum, Ranchi*)।

5. **साक्षात्कार के समय विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र की आवश्यकता नहीं है।**

6. अन्य नियम एवं शर्ते विज्ञापन सं0 41, दिनांक 20.07.2013 के अनुरूप यथावत रहेंगी।

7. साक्षात्कार से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु दूरभाष सं0 **0651–2260114** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

8. **किसी भी प्रकार के संशय की स्थिति में परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।**

9. प्रेस में मुद्रण अथवा टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिये पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

ह0/–
**एल0 खियांग्ते,** भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : 632    जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड/दिनांक : 05/09/2013

प्रतिलिपिः–

**विज्ञापन प्रबंधक,** हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स/प्रभात खबर, कोकर इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोकर, राँची को दिनांक 06/09/**2013** के दैनिक समचार पत्र में डी0ए0भी0पी0 दर पर छापने हेतु प्रेषित। विज्ञापन झारखण्ड के सभी संस्करण में दी जाय।

5/9/13
**परीक्षा नियंत्रक**